हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 9 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

चैत्र नवरात्र का पर्व आज शुरू हो गया। सुबह से ही हरियाणा और चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा।

पंचकूला ज़िले में माता मनसा देवी शक्ति पीठ पर चैत्र नवरात्र मेले के प्रथम दिन हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से हज़ारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका और मां दुर्गा के शैलपुत्री रूप की पूजा की।

पानीपत के प्राचीन मंदिर सहित जिले के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। प्राचीन देवी मंदिर का दरबार, कोलकाता एवं थाईलैंड से मंगवाये फूलों से सजाया गया है ।

पलवल के पंचवटी मंदिर में भी सौभाग्य की देवी शैलपुत्री की पूजा के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

....

आज नव संवत्सर का प्रथम दिन भी है। भारतीय संस्कृति से जुड़े इस नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में नव वर्ष के साथ नव रात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कामना की है कि शक्ति की उपासना का यह महापर्व हर किसी के लिए सुख, समृद्धि, सौभाग्य और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आये।

....

हरियाणा सरकार ने लोक सभा आम चुनाव में हरियाणा सरकार में कार्यरत पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं को वोट डालने के लिए सवैतनिक छुट्टी देने की घोषणा की है।

मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों व निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखानों दुकानों , वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है सवेतन अवकाश के रूप में नामित किए गए हैं ।

मुख्य सचिव ने कहा है कि कर्मचारी केवल अपने संबंधित संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन ही सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे।

....

फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कल विश्वविद्यालय में आयोजित ''मतदाता शपथ'' कार्यक्रम के दौरान लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

चुनाव गतिविधियों बारे विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रोफेसर वासदेव मल्होत्रा ने बताया कि कार्यक्रम में इस दौरान 400 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

यह 'मतदाता शपथ' कार्यक्रम जिला निर्वाचन कार्यालय की पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

....

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल कुरुक्षेत्र में मेगा रोड शो में शिरकत की और जेल का जवाब वोट से देंगे नारे के साथ जाट धर्मशाला से शुरु होकर पुराना बस अड्डे तक रोड शो निकाला। उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में प्रचार किया।

इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग □ांडा, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी और पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा सहित अन्य कई नेता मौजूद रहे।

....

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में कल पलवल में कानूनी जागरूकता और साइबर अपराध पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और आदर्श व्यवहार के विषय में जागरूक किया। जबकि समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने उन्हें जीवन मूल्यों और सामाजिक दायित्वों से अवगत करवाया। पुलिस साइबर विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से आगाह किया।

....

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर कल पंचकूला के सैक्टर एक स्थित राजकीय महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों और सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को चुनाव करवाने के लिए मतदान और ईवीएम से सम्बन्धित जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि मतदान प्रक्रिया में किन बातों का ध्यान रखना है और मतदान प्रक्रिया कैसे पूर्ण होगी एवं किस अधिकारी की क्या जिम्मेदारी रहेगी। इसके अलावा उन्हें विभिन्न फार्म भरने, ईवीएम मशीनों के संचालन और उन्हें सील करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया।

....

भिवानी जिले के गांव ढ़ाणी हरसुख स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से 10वीं तक के कुल 98 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बच्चों की तीन वर्ग में परीक्षा ली गई तथा हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

....